**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-1**

**PERIODIC TEST - III (2019-20)**

**HINDI [Course-B]**

**CLASS: IX** **MAX. MARKS: 20**

**DATE : 12/01/2020** **DURATION: 40 MIN.**

निर्देश : 1 इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।

2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3 यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

4 उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

(खण्ड- क) (अपठित बोध)

प्रश्न 1 नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

जिह्वा सभी को मिली है,किंतु उचित बोलना बहुत कम लोग जानते हैं। प्राय: लोग कड़वी बातों में दूसरे की व्यर्थ निंदा स्तुति में वाणी की सार्थकता समझते हैं। उन दिव्य पुरुषों की संख्या उँगलियों पर ही गिनी जा सकती है। जिनकी जिह्वा में अमृतोपय मधुरता एवं हिम की सी शीतलता रहती है ऐसे लोगों की वाणी से निराश जीवन को उत्साह मिलता है। नरक की यंत्रणा में छटपटाने वाले को धैर्य और आश्वासन मिलता है। व्यक्तित्व का परिचय देने में वाणी प्रथम है, क्योंकि अन्य गुण तो साथ रहने पर धीरे-धीरे प्रकट होते हैं पर वाणी की गरिमा तत्काल प्रकट होती है।
इसके द्वारा सर्वथा अपरिचित को भी ,थोड़े वार्तालाप में ही स्नेह और सहानुभूति के सूत्र में बाँधा जा सकता है। दिव्य वाणी बोलने वाले के लिए संसार में चारों तरफ अमीर-गरीब ,परिचित-अपरिचित सबके द्वार स्वागत के लिए खुले रहते हैं। उनके मान में लोग पलक पाँवड़े बिछा देते हैं। ऐसा सम्मान छत्रधारी सम्राट होने पर भी शायद ही कोई पा सकता है।

प्रश्न (क) प्राय: लोग वाणी की सार्थकता किस बात में समझते हैं ? [1]

प्रश्न (ख) किन दिव्य पुरुषों की संख्या उँगलियों पर ही गिनी जा सकती है ? [1]

प्रश्न (ग ) वाणी किसका परिचय देने में प्रथम है और क्यों ? [1]

(खण्ड- ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 2 (क) संधि कीजिए - वि + अवधान , न + आस्तिक [1]

(ख) संधि - विच्छेद कीजिए - उज्ज्वल, परमौज [1]

प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्द में से उपसर्ग व मूलशब्द छाँटकर लिखिए - [1]

बेखटके

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्नों का प्रयोग करके वाक्यों को पुन:लिखिए -

1) वे दिनभर राम राम करते रहते थे [1]

2) ईश्वर तुम्हें सद्बुद्धि दे [1]

(खण्ड - ग) (पाठ्य - पुस्तक)

प्रश्न **5** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों मे लिखिए - [**6**]

प्रश्न (क) कौन -से लोग धार्मिक लोगों से अधिक अच्छे हैं?

प्रश्न (ख) नज़दीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा ?

प्रश्न (ग) कवि ने 'अग्नि पथ' किसे कहा है और क्यों ?

प्रश्न (घ) निम्न कोटि के लोगों को गोबिंद कैसे तारते हैं ?

प्रश्न **6** लेखक का परिचय हामिद खाँ से किन परिस्थितियों में हुआ ? 'हामिद खाँ' नामक पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। [**3**]

अथवा

'गिल्लू' पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ?

(खण्ड-घ) (लेखन)

प्रश्न **7** क्रिसमस की बधाई देते हुए दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। [**3**]

या

केंद्रीय विद्यालय दिल्ली में शिक्षकों की भर्ती हेतु **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

---------------------------------------------------

**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-2**

**PERIODIC TEST - III (2019-20)**

**HINDI [Course-B]**

**CLASS: IX** **MAX. MARKS: 20**

**DATE : 12/01/2020** **DURATION: 40 MIN.**

---

निर्देश : **1** इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।

**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**3** यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

(खण्ड- क) (अपठित बोध)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

सौर -ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि विगत दस वर्षों से विश्व में सोलर सैलों का उत्पादन प्रतिवर्ष **25** प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।**2005** में यह वृद्धि कुल मिलाकर **45** प्रतिशत दर्ज की गई।विश्व की बिजली उत्पादन क्षमता में सोलर सैलों से बिजली बनाने की क्षमता में **2005** में ही **1727** मेगावाट की क्षमता जोड़ी गई।इसमें सबसे अधिक योगदान था जापान का - **833** मेगावाट का ,फिर जर्मन का -**353** मेगावाट का, और फिर अमेरिका का -**153** मेगावाट का।एक अध्ययन के अनुसार अकेले अमेरिका में ही सोलर सैलों का वार्षिक उत्पादन अगले **20** सालों में **10,000** मेगावाट प्रतिवर्ष तक पहुँच जाएगा।केन्या जैसे देश में **12** से **30** वाट प्रति पैनल बिजली पैदा करने वाले **30,000** सोलर पैनल हर साल बिक रहे हैं। एक बार बैटरी को चार्ज करने वाले पैनल पर **4600** रुपये खर्च होते हैं।फ्लोरीसेंट लैंप जलाने और छोटा श्वेत -श्याम टी.वी. चलाने में यह बैटरी इस्तेमाल की जाती है।

प्रश्न (क) लेखक ने किसका भविष्य उज्ज्वल कहा है ? [1]

प्रश्न (ख) **2005** में सोलर सैलों की कुल मिलाकर कितनी वृद्धि दर्ज की गई ? [1]

प्रश्न (ग)अध्ययन के अनुसार अकेले अमेरिका में ही सोलर सैलों का वार्षिक उत्पादन कितना हो जाएगा ? [1]

(खण्ड - ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न **2** (क) संधि कीजिए - वि + अर्थ , नि: + मूल [1]

(ख) संधि- विच्छेद कीजिए - सज्जन , पूर्वोदय [1]

प्रश्न **3** निम्न शब्द में से मूलशब्द व प्रत्यय छाँटकर लिखिए - [1]

अंकित



**P.T.O**

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्नों का प्रयोग करके वाक्यों को पुन: लिखिए -

1) बच्चा दीर्घायु हो [1]

2) दहेज एक अभिशाप [1]

(खण्ड - ग) (पाठ्य - पुस्तक)

प्रश्न 5 पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - [6]

प्रश्न (क) चलते-पुरज़े लोग धर्म के नाम पर क्या करते हैं?

प्रश्न (ख) नज़दीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा ?

प्रश्न (ग) कवि ने 'अग्नि पथ' किसे कहा है और क्यों ?

प्रश्न (घ) रहीम जी के अनुसार सूर्य जलहीन कमल की रक्षा क्यों नहीं कर पाता ?

प्रश्न 6 मालाबार में हिंदू - मुसलमानों के परस्पर संबंधों को 'हामिद खाँ ' नामक पाठ के आधार पर लिखिए। [3]

अथवा

मक्खनपुर जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते में पड़ने वाले कुएँ में ढेला क्यों फेंकती थी ? 'स्मृति 'नामक पाठ के आधार पर लिखिए।

(खण्ड-घ) (लेखन)

प्रश्न 7 नव वर्ष की बधाई देते हुए दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। [3]

या

आपके शहर में रीबोक जूतों का नया शोरूम खुला है। 25 से 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

---